दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के शहर अध्यक्ष बने राजेन्द्र

**रायगढ़ (आरएनएस)।** प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ ने रायगढ़ व्यापारी संघ के संयोजक राजेंद्र अग्रवाल एवं हीरा मोटवानी की व्यापारी हितों की सुरक्षा में उनकी सक्रियता को देखते हुए रायगढ़ जिले के अध्यक्ष के रूप में राजेंद्र अग्रवाल और महामंत्री के रूप में हीरा मोटवानी को नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि विगत 20 वर्षो से व्यापारी हितों के लिए संघर्षरत यह जोड़ी अपनी सक्रियता के साथ अपने सरल व्यवहार के कारण पूरे छत्तीसगढ़ में लोकप्रिय है। वर्तमान छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में भी लगभग 12 वर्षो से अपनी सेवाएं देने वाली यह जोड़ी रायगढ़ जिले में चेंबर का पर्याय बन चुकी है।

### बालको के अरेतरा मार्ग पर दिखा तेंदुआ

**कोरबा (आरएनएस)।** बालको नगर रेंज के अंतर्गत अरेतरा मार्ग पर कॉफी प्वाईट के पास पिछली रात तेंदुआ दिखाई दिया। पुरानी बस्ती के रहने वाले गौरव राजपूत ने इस नजारे को अपने मोबाईल पर केप्चर किया। अपनी कार से कोरबा लौटने के दौरान गौरव की नजर नाला के पास बैठे तेंदुआ पर पड़ी। उसकी गतिविधियों को फैरन प्रमाण के तौर पर कैद किया गया। कुछ देर के बाद कार की रौशनी पडने् के साथ तेंदुआ मौके से भाग गया। इससे पहले भी कई क्षेत्रों में तेंदुआ दिनदहाड़े देखा जा चुका है।

### सब्जी कारोबारी से विवाद करने वाला आरक्षक अटैच

**कोरबा (आरएनएस)।** सब्जी मंडी कोरबा में आरक्षक अभिजीत पाण्डेय एवम सब्जी व्यापारियों के मध्य विवाद का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था । मामला पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल के संज्ञान में आने पर नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा को मामले का जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए थे। नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू द्वारा मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया । उक्त विवाद में आरक्षक अभिजीत पांडेय की गलती पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल द्वारा आरक्षक अभिजीत पांडेय को तत्काल प्रभाव से रक्षित केंद्र कोरबा में सम्बद्ध किया गया है, साथ ही निंदा की सजा से दण्डित किया गया है । पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि आम जनता एवम पुलिस के मध्य मित्रवत सम्बन्ध स्थापित किया जाए । पुलिस की छवि खराब करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को बख्शा नही जाएगा।

### 59 हजार नगद के साथ 13 जुआरियों को किया गया गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** शहर के अलग-अलग क्षेत्रों नयापारा एवं पथरागुडा में 02 अलग-अलग जगहों पर जुआ खेल रहे जुआरियों पर कार्यवाही करते हुए आज नयापारा में 06 जुआरियों बजरंगी लाल, मुकेश यादव, बिसम्बर कश्यप, शानु आचार्य, मनोज कुमार एवं अरूण सिंह के कब्जे से 51 हजार रूपये नगद एवं ताश के पत्ते तथा पथरागुडा में 07 जुआडी मनीष साहु, आकाश मोहन्ती, रितेश देवांगन, अनु देवांगन, शैलेष देवांगन, राजु देवांगन एवं हेमन्त देवांगन के कब्जे से 8750 रूपये नगद एवं ताश के पत्ते जप्त किया गया है। उक्त 13 जुआरियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 13 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना से खेती अधिक लाभकारी बनेगी- मुख्यमंत्री

## छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर के समीप नरदहा में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत छत्तीसगढ़ में खरीफकी विभिन्न फसलों के लिए 9 हजार और धान के रकबे में अन्य फसल लेने पर 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से किसानों को अनुदान राशि दी जा रही है । इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और खेती अधिक लाभकारी बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में छत्तीसगढ़ के किसानों को धान की सबसे अधिक कीमत मिल रही है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा ने शपथ ग्रहण किया। उनके साथ ही नवनिर्वाचित राजप्रधानों ने भी शपथ ग्रहण किया । समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सामाजिक पत्रिका का विमोचन भी किया।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन के प्रारंभ में समाज के पुरखों और विभूतियों को नमन किया और कहा कि उन्होंने शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह समाज मूलतः कृषक समाज है और स्वतंत्रता आंदोलन,राज्य निर्माण के साथ खेती किसानी को बढ़ावा देने में इस समाज का बड़ा योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन ने डॉ खूबचंद बघेल के नाम पर स्वास्थ्य योजना , स्वामी आत्मानंद के नाम पर उत्कृष्ट शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की योजना शुरू की है । इसी तरह डॉ नरेंद्र वर्मा द्वारा रचित गीत 'अरपा पैरी के धार...'' को राजगीत बनाया गया है ?।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में रासायनिक खाद की कमी है । हमारे देश में करीब 38 लाख मैट्रिक टन रसायनिक खाद की जरूरत है लेकिन देश में अभी करीब 18 लाख मैट्रिक टन रासायनिक खाद का ही उत्पादन हो पा रहा है । छत्तीसगढ़ के गोठानो में बने वर्मी और कंपोस्ट खाद के माध्यम से खेती किसानी को बढ़ावा मिला है। इससे जमीन को उर्वर बनाने में तथा उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिली है। इस बात की जरूरत है कि हमारे किसान और ग्रामीण भविष्य में भी वर्मी खाद और कंपोस्ट खाद का उत्पादन बढ़ाए और उसका उपयोग करें । इससे रसायनिक खाद से होने वाली कमी से उनके खेत प्रभावित नहीं होंगे। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के किसानों से हाथ उठाकर शपथ दिलाया की वे गोठानो को पैरा दान करें । उन्होंने उतेरा फसल को बचाने के लिए अपने जानवरों को खुला चरने के लिए बाहर नहीं छोड़ने की अपील भी की। इससे दूसरी फसल उतेरा को लाभ मिलेगा।

समारोह को राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शपथ लेने वाले सभी पदाधिकारियों के साथ समाज के सभी सदस्यों की भी जिम्मेदारी है कि वे समाज को आगे बढ़ाएं । उन्होंने महिलाओं की समानता और आगे बढ़ाने की पैरवी भी की?।

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष के रूप में शपथ लेने के उपरांत अपने संबोधन में चोवाराम वर्मा ने कहा कि यह चुनाव एक मिसाल था, जिसमें लोकतांत्रिक तरीके से गांव गांव में मतदान और मतगणना कार्य किया गया। उन्होंने कहा इस समाज ने देश को अनेक गौरवशाली विभूतियां दी है ,उनसे सभी को प्रेरणा लेने और सहयोग से आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने नरदहा के बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अनंत राम बरछिया के नाम पर करने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में अनिल नायक को भी सम्मानित किया गया।

## दीपावली पर दो दिन में पटाखे फोड़ने के दौरान 13 झुलसे

**बिलासपुर (आरएनएस)।** दीपावली पर पटाखे फोड़ते समय दो दिन में 13 लोग आग से झुलस गए। जिन्हें इलाज के लिए सिम्स और जिला अस्पताल में लाया गया। 8 मरीजों का सिम्स तो जिला अस्पताल में 5 मरीजों का इलाज किया गया। इनमें आठ बच्चे हैं, चार युवा और एक 40 साल का व्यक्ति है। सिम्स में भर्ती 5 मरीज जले हैं, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया।



वहीं तीन मरीजों को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि जो 8 मरीज इलाज के लिए सिम्स पहुंचे हैं उनमें 6 पटाखों से और दो दिए से जले हैं। इनमें से 6 बच्चे हैं। दो व्यस्क ये चार नवंबर से 5 नवंबर के बीच में अस्पताल में आए हैं। इनमें जांजगीर निवासी 8 वर्ष का बालक, तोरवा निवासी 13 वर्ष की बालिका, कोटा निवासी 14 और 15 वर्ष का बालक, बलौदा निवासी 13 वर्ष का किशोर, जांजगीर निवासी 5 वर्ष की बच्ची, बिलासपुर निवासी 40 और 36 वर्ष के पुरुष का इलाज सिम्स में किया गया। इसके साथ ही जिला अस्पातल में भी पटाखों से झुलसे 5 मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इनमें तीन युवा, जिनकी उम्र 21 से 29 के बीच की है। वहीं एक बच्चा और एक

## चिरायु योजना से बालक यश को मिला नवजीवन

**रायगढ़ ।** शासन की चिरायु योजना बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। कई बच्चे जन्मजात से ही कुछ बीमारियों के साथ पैदा होते हैं। पैसे के अभाव में पालकों द्वारा अपने बच्चों का चेकअप न करा पाने के कारण यह बीमारियां उनके शरीर में धीरे-धीरे बढ़ती जाती हैं और गंभीर रूप ले लेती हैं। छ.ग.शासन का एक ही उद्देश्य है कि ऐसे सभी बच्चों की बीमारी को गंभीर स्थिति में पहुँचने से पहले ठीक करना है। योजना के माध्यम से आंगनबाड़ी, स्कूल व अन्य स्थानों पर चिरायु टीम द्वारा जांच केन्द्र स्थापित कर बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है। यदि इनमें से किसी बच्चे में कोई बीमारी पाई जाती है तो उसका निःशुल्क इलाज किया जाता है। बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए चिरायु टीम अलग-अलग जगह पर जाकर जांच करती है। ऐसे बच्चे जो गंभीर रूप से बीमार थे। उन्हें चिरायु योजना से नवजीवन मिला है। आज वे सभी बच्चे अन्य बच्चों की तरह स्वस्थ है और उनके चेहरे मुस्कान दिखाई दे रही है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरमकेला अंतर्गत चिन्हित गंभीर हृदय रोग से पीड़ित बालक यश निषाद 8 वर्ष, निवासी-ग्राम कमरीद तहसील बरमकेला को चिरायु टीम के अधिकारी कर्मचारी द्वारा जांचोपरांत उच्च स्तरीय इलाज की आवश्यकता को देखते हुए उक्त मरीज को 13 अगस्त 2021 को मेडिकल कॉलेज रायपुर ले जाया गया था जहां इको व एक्स-रे के पश्चात ऑपरेशन की सलाह डॉ.एन.एस.चन्देल द्वारा दी गयी। परिजन अपने सुविधा और सहजता के अनुरूप 28 अक्टूबर 2021 को रायपुर के हायर सेंटर संकल्प हॉस्पिटल सरोना में भर्ती हुए। सारे जांच व स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए 03 नवम्बर को सफल ऑपरेशन किया गया। 06 नवम्बर को बालक यश को छुट्टी दे दी गई है अब वे घर पर रहकर स्वास्थ्य लाभ ले रहा है।

डॉ.पी.डी.खरे ने बताया कि हृदय के किसी भी प्रकार के ऑपरेशन में लाखों रुपए लगते हैं लेकिन सरकार के चिरायु योजना में 0 से 18 साल तक के समस्त बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जाता है। इस तरह के अनेकों बच्चों का छत्तीसगढ़ में इलाज किया जा चुका है। आज वे सभी बच्चे अन्य बच्चों के जैसे स्वस्थ हैं। इस कार्य में जिला नोडल डॉ.योगेश पटेल, बी.एम.ओ. डॉ.पाणिग्रही, बी.पी.एम. इजारदार की तत्परता से व डॉ.नीतू, डॉ.सिंह, प्रवीण व कविता नायक विशेष सहयोग रहा।

## चेम्बर का दीपावली मिलन समारोह 17 को: पदाधिकारियों द्वारा नगर के समस्त दुकानों में पहुंच कर दिया जाएगा आमंत्रण

**रायगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, रायगढ़ द्वारा आगामी 17 नवम्बर को स्थानीय मंगलम् में दीपावली मिलन समारोह के आयोजन को सुनिश्चित किया गया है। इस हेतु चेम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास व प्रदेश मंत्री शक्ति अग्रवाल सहित राजेश अग्रवाल (चेम्बर), बजरंग अग्रवाल व बजरंग महामिया ने नगर के सुभाष चौक, श्याम टाकिज रोड, स्टेशन रोड आदि स्थानों पर स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के व्यापारी बंधुओं से मिलकर दीपावली मिलन समारोह में उपस्थिति हेतु आमंत्रित किया। चेम्बर का लक्ष्य, नगर के हर व्यापारी बंधुओं से मिलकर, उन्हें दीपावली मिलन समारोह में आमंत्रित करना और व्यापारिक हितों पर चर्चा आदि से लेकर दीप पर्व के इस खुशी को भी आपस में साझा करना है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के चुनाव के पश्चात कोविड के कारण चेम्बर परिवार के सदस्यों और अन्य व्यापारी बंधुओं से एक बार भी औपचारिक मेल मुलाकात नहीं हुई है। इसलिए चेम्बर परिवार के सदस्यों सहित सभी व्यापारी बंधुओं से मेल मुलाकात कर व चुनाव में मिले व्यापारी बंधुओं के आशीर्वाद का धन्यवाद ज्ञापन आदि के दृष्टि से नगर के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास व प्रदेश मंत्री शक्ति अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य जन आमंत्रण देने व उनका धन्यवाद ज्ञापित करने के उद्देश्य से जन सम्पर्क में हैं। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, रायगढ़ अपने सभी सदस्यों, नगर के जनप्रतिनिधियों, नगर के अधिकारियों, पत्रकार बंधुओं व नगर के गणमान्य जन के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। जिसको आगामी 17 नवम्बर को स्थानीय मंगलम् में आयोजित होना तय किया गया है। इस विषय पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास बताते हैं कि हमें नगर के सभी व्यापारी बंधुओं द्वारा चुनाव में अप्रतिम सहयोग व आशीर्वाद दिया गया। जिसका धन्यवाद ज्ञापन का समय हमें कोविड ने नहीं दिया। एक तो वह भी मेल मुलाकात का प्रमुख कारण है। दूसरा व्यापारी बंधुओं द्वारा दिये गये दायित्व के अनुसार हमारा कार्य है कि हम उनके व्यापारिक हितों के संबंध में चर्चा करें और उनके समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास करें। जो कि हम करते भी हैं और करते भी रहेगें। साथ ही दीप पर्व की खुशियों को आपस में साझा करना, हमारी साझा विरासत है। इन्हीं सब उद्देश्यों को लेकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और इसी तारतम्य में व्यापारी बंधुओं के प्रतिष्ठानों तक हम पहुंच भी रहे हैं।


## हाईवेहार्ट कैफे पर पुलिस की दबिश, नशे का अवैध कारोबार करते संचालक गिरफ्तार

**रायपुर(आरएनएस)।** राजधानी में नशे का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने देर रात हाईवेहार्ट कैफे पर दबिश देकर कैफे संचालक श्याम कुमार को हुक्का पिलाते गिरफ्तार किया है। वहीं, रिंग रोड नंबर-3 स्थित होटल कैर्लिफोर्निया में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है।

मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब रखने और पिलाने की शिकायत एसपी को की गई थी, जिसके बाद मंदिर हसौद और विधानसभा थाना पुलिस की टीम ने बीती देर रात होटल पर दबिश दी। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब और बीयर की बोतल जब्त हुई। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने होटल संचालक को रातभर थाने में बैठाये रखा। लेकिन होटल संचालक के लिए दो उच्चस्तरीय अधिकारियो के फोन पहुंचने के बाद पूरे मामले में लीपापोती कर आबकारी की मामूली धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सुबह उसे छोड़ दिया। खबर यहां तक है कि ये दो उच्च अधिकारी इस होटल में आये दिन बैठे देखे गये हैं। फिलहाल पुलिस ने मामूली धाराओं में केस दर्ज कर होटल संचालक को थाने से ही छोड़ दिया है।

## जशपुर राजघराने के युवराज यशप्रताप सिंह जूदेव भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य बनाए गए

**कोरबा (आरएनएस)।** जशपुर राजघराने के युवराज यशप्रताप सिंह जूदेव भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य बनाए गए हैं। जिसके बाद समर्थकों सहित कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। समर्थकों के द्वारा मिठाई बांट खुशी का इजहार किया जा रहा है तो वहीं शुभकामना व बधाई का सिलसिला जारी है।



ज्ञात हो की युवराज यशप्रताप सिंह जूदेव वर्ष 2018 से जशपुर जिले में भाजपा के लिए कार्यकर्ता के तौर पर अपना योगदान दे रहे हैं, साथ ही पार्टी के मजबूती पर लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क भी कर रहे हैं। यश प्रताप सिंह जूदेव ने कल्याण आश्रम के कार्यों में भी अपनी सहभागिता दिखाई है वहीं संघ से जुड़े कार्यों में भी पिता का हाथ बंटा पार्टी को मजबूती प्रदान किया है। वर्ष 2018 के विधान सभा चुनाव और वर्ष 2019 के लोक सभा में भाजपा के प्रचार प्रसार में अहम योगदान भी इन्होंने दिया है। गत दिनों भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार टागरगांव व हयगड़ा में लोगों के साथ मिलकर पर्यावरण सुरक्षित रखने उद्योग के खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं। वहीं दशहरा के दिन पत्थलगांव में हुवे दुर्घटना पर भी लामबंद हो चक्का जाम कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने अपना दमखम दिखा चुके है। पत्थलगाँव में तस्करो द्वारा लोगो के ऊपर गाडी चलने का विरोध स्वरूप लोगों के साथ धरना दिया और नशे के सौदागरों व तस्करों के खिलाफ आक्रोश भी व्यक्त किए है। इन्हीं सभी योगदान के कारण भाजपा ने इन्हें भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाया है। उक्ताशय की जानकारी जशपुर जिला मिडिया प्रभारी सरवर फैजान खान ने दिया है।

## शिक्षक महेंद्र तर्मा की हत्या से माओवादियों ने किया इंकार

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के नेलसनार थाना क्षेत्र में 3 नवम्बर बुधवार को कोडोली पोटाकेबिन के पास अज्ञात हमलावरों द्वारा आश्रम अधीक्षक महेंद्र तर्मा को कार से उतार कट्टे से गोली मार कर हत्या कर दिया था, जिसे माओवादी घटना माना जा रहा था । किंतु घटना के 4 दिन बाद माओवादियों ने पर्चा जारी कर इस हत्या से इंकार करते हुए घटना की न्यायिक जांच की मांग की है । नेलसनार में पोटाकेबिन अधीक्षक की हत्या मामले को लेकर माओवादियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि अधीक्षक महेंद्र तर्मा की हत्या माओवादियों ने नही की है, इसके बावजूद उसे नक्सली हत्या बता कर झूठा प्रचार किया जा रहा है । वहीं माओवादियों ने सफाई देते हुए कहा है कि उनकी पार्टी शिक्षकों को निशाना नही बनाती है, गल्ती करने पर तीन बार चेतावनी दिया जाता है । इस घटना के सम्बंध में माओवादियों ने कहा कि मामले की न्यायिक जांच करते हुए मिरतुर थाना प्रभारी के खिलाफकार्यवाही किया जाए ।

## नौकरी, मुआवजा को लेकर कुसमुंडा कार्यालय के सामने दीपावली पर दीप जलाकर किया प्रदर्शन

**कोरबा (आरएनएस)।** नौकरी, मुआवजा समेत अन्य मांग को लेकर कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय समक्ष भू-विस्थापितों का धरना जारी है। दीपावली के अवसर पर भू-विस्थापितों ने महाप्रबंधक कार्यालय दीप प्रज्वलित कर विरोधी प्रदर्शन कर त्यौहार मनाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपनी जमीन देकर देश को रोशन करने का काम किया, जिले को उर्जाधानी के रुप में पहचान दिलाई, वही परिवार रोजगार के लिए भटक रहा है।



साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना के भू-विस्थापितों द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने सन 1978-2004 के बीच अधिग्रहित भूमि के एवज में लंबित रोजगार की मांग को लेकर लगातार धरना दिया जा रहा है। एसईसीएल उन्हें वर्ष 2012 की पुनर्वास नीति के आधार पर रोजगार देने का आश्वासन दिया है, पर आंदोलनकारी भू-विस्थापितों का कहना है कि यह अन्याय है, क्योंकि इस नीति के तहत न किसी का पुनर्वास होगा, न रोजगार मिलेगा। उनके मामले में उस समय की पुनर्वास नीति लागू होनी चाहिए, जब उनकी जमीन अधिग्रहित की गई थी। एसईसीएल प्रबंधन ने समस्या को सुलझाने के लिए एक माह का समय मांगा है। किसान अपनी मांग को लेकर रोजगार एकता संघ के बेनर तले आंदोलन कर रहे हैं। दीपावली के अवसर पर मुख्यालय गेट पर दीप जलाकर शोषण के खिलाफ अपने संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया। इस दौरान दीपक साहू, जवाहर सिंह कंवर, राधेश्याम, गणेश प्रभु, हेमलाल, दामोदर, रेशम, मोहनलाल, दीना नाथ, बलराम, जय कौशिक, प्रशांत झा, पुरषोत्तम, अनिल कुमार, बजरंग सोनी, अजय प्रकाश, सोहरिक,रामप्रसाद, अश्वनी, हरिशंकर, चंद्रशेखर, हरिहर, रघु पुनीत, लखन, सनत समेत काफी संख्या में भू-विस्थापित किसान, माकपा और छत्तीसगढ़ किसान सभा के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO:- CHHHIN/2018/76480